No. of Printed Pages : 3

ES-345

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2020

ई.एस.-345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे

अधिकतम भारिता : 70%

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों की भारिता समान है।

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

   प्रथम एवं द्वितीय भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के उद्देश्यों का अंतर स्पष्ट कीजिए।

P. T. O.

अथवा

हिन्दी की पाठ्य-पुस्तकों के स्वरूप, निर्माण सिद्धान्त एवं उनकी विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

मौखिक अभिव्यक्ति के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख करते हुए मौखिक अभिव्यक्ति के विकास की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पठन सम्बन्धी त्रुटियों के कारण तथा उनके निराकरण के उपायों का उल्लेख कीजिए।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(क) उपचारात्मक शिक्षण के पाँच सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

(ख) एक अच्छे परीक्षण के गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) श्रवण कौशल में छात्रों की संभाव्य त्रुटियाँ किस प्रकार की हो सकती हैं ?

(घ) क्रियात्मक शोध व मूलभूत शोध में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) भक्तिकाल की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) बलाघात और अनुतान में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(छ) सृजनात्मक पठन का आशय स्पष्ट कीजिए।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए :

कविता शिक्षण की प्रमुख विधियाँ बताते हुए कक्षा आठ स्तर की कविता पाठ पर पाठ योजना तैयार कीजिए।